# धारकुंडी महाराज बदलापुर आश्रम में हुए ब्रम्हलीन

## लाखों भक्तों में शोक की लहर, धारकुंडी में होगी समाधि, 102 वर्ष की आयु में सदगुरु ने त्यागी देह

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 फरवरी. परमहंस आश्रम धारकुंडी के संस्थापक और पूज्य सद्गुरुदेव भगवान 1008 श्री स्वामी सच्चिदानंद महाराज जी शनिवार को ब्रह्मलीन हो गए। उन्होंने मुंबई स्थित परमहंस आश्रम बदलापुर में अपने दिव्य शरीर का त्याग किया। स्वामी जी की आयु 102 वर्ष थी. पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य कारणों से वे बदलापुर आश्रम में ही निवास कर रहे थे और यहीं ब्रह्मलीन होने का निर्णय लिया।**

बदलापुर आश्रम से स्वामी जी का दिव्य शरीर सडक मार्ग से धारकुंडी के लिए देर शाम रवाना किया गया है। यहां बदलापुर के रहाटोली में भी गुरुदेव भगवान के अंति व दिव्य दर्शन के लिए हजारों की तादात में भक्तों का सैलाब मौजूद रहा है। भक्तों और संतों के साथ यह अनंत यात्रा शनिवार की देर शाम को निकली।



धारकुंडी आश्रम में निर्माणाधीन मंदिर में उनकी समाधि स्थल बनाई गई हैए जहां भक्तजन अंतिम दर्शन के बाद स्वामी सच्चिदानंद महाराज समाधि लेकर परमधाम पहुंचेंगे। इस दौरान आश्रम में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैंए ताकि भक्तों को कोई असुविधा न हो।

### सप्तमी रविवार को होंगे अंतिम दर्शन

आश्रम प्रबंधन के अनुसारए महाराजश्री की दिव्य पार्थिव देह को उनके संकल्पों की तपोभूमि सद्गुरू आश्रम धारकुंडी लाया जा रहा है। विशेष बात यह है कि महाराजश्री को सप्तमी ;रविवारद्ध के दिन अंतिम दर्शन को रखा जाएगा जहां सोमवार को समाधि देने की बात कही गई है। यह एक दुर्लभ संयोग ही हैए धारकुंडी आश्रम में प्रत्येक सप्तमी रविवार का विशेष महत्व रहा हैए जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटते थे। अब इसी दिन महाराज श्री का अंतिम दर्शन और समाधि कार्यक्रम संपन्न होगाए जिसके चलते देश भर से लाखों अनुयायियों के धारकुंडी पहुंचने की संभावना है।

### धारकुंडी पहुंचे गुरुभाई स्वामी अडड़ानंद जी महाराज

स्वामी सच्चिदानंद महाराज के ब्रहमलीन होने की खबर उनके गुरुभाई स्वामी अडगड़ानंद महाराज जो शक्तेशगढ़ आश्रम यूपी से हैं जैसे ही लगी वो चौपर से शनिवार शाम को धारकुंडी आश्रम पहुंच चुके हैं। बता दें कि स्वामी अडगड़ानंद महाराज स्वामी सच्चिदानंद के गुरु भाई हैं। दोनों ही महापुरुष परमहंस स्वामी 1008 श्री परमानंद महाराज सती अनुसूइया चित्रकूट के शिष्य हैं। उनकी उपस्थिति से आश्रम में संतों और भक्तों का मनोबल बढ़ा है।

### व्यवस्थाओं में प्रशासन की सक्रियता व भक्तों का जमावड़ा



महाराजजी के ब्रह्मलीन होने की खबर सामने आते ही प्रशासन हरकत में आ गया है। अंतिम दर्शन और आश्रम में अन्य व्यवस्थाओं को लेकर मोर्चा संभाल लिया गया है। एसडीएम मझगवां महिपाल गुर्जर एसडीओपी चित्रकूट राजेश बंजारे थाना प्रभारी धारकुंडी एसपी हंसराज सिंह विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार सहित दोपहर बाद से ही आश्रम से जुड़े लोग पहुंचने लगे हैं। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश क्षेत्र के भक्तजन आम और खास सभी यहां जुट रहे हैं। प्रशासन ने यातायात सुरक्षा और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की है ताकि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। स्वामी सच्चिदानंद महाराज का जीवन आध्यात्मिकताए सेवा और समानता का प्रतीक रहा। उन्होंने धारकुंडी आश्रम को एक ऐसे केंद्र के रूप में स्थापित किया जहां लाखों लोग आस्था की तलाश में आते हैं। उनके ब्रह्मलीन होने से आध्यात्मिक जगत में एक अपूरणीय क्षति हुई है लेकिन उनके उपदेश और आशीर्वाद हमेशा भक्तों के साथ रहेंगे। भक्तों का कहना है कि स्वामीजी अब भी उनके हृदय में विराजमान हैं।

# विन्ध्य की आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक थे महाराज जी



स्मृति शेष

डॉ. संजय पयासी

**विन्ध्य** के विकास की कहानी जितनी पुरानी है. उतनी ही पुरानी यहाँ की आध्यात्मिक चेतना है. जिसके स्थापित प्रतीक थे धारकुंडी आश्रय के प्रमुख परमहंस स्वामी सच्चिदानंद महाराज.उनके स्थूल शरीर छोड़ सूक्ष्म आत्म के रूप में विलीन होने की घटना ने जनमानस को झकझोड़ के रख दिया है.

सती अनुसुइया के परमहंस आश्रम के संस्थापक परमहंस स्वामी परमानन्द जी महाराज के तीन प्रमुख शिष्यों में परमहंस स्वामी भगवनानन्द महाराज,परमहंस स्वामी सच्चिदानंद महाराज और वर्तमान में सत्तेसगढ़ आश्रम के प्रमुख परमहंस स्वामी अड़गड़ानन्द महाराज थे.सती अनुसुइया आश्रम के स्वामी जी की अनेकों किवदन्ती लोकप्रिय है.

घनघोर जंगल,पहाड़ और तरह-तरह के जंगली जीवों से फलफूल रहे इस क्षेत्र में अत्रि मुनि और सती माता अनुसुइया की तपोस्थली को फिर से विकसित कर आधात्मिक चेतना का केंद्र बनाने गुरु स्वामी परमानन्द जी के सानिध्य में पारलौकिक ज्ञान के पुंज को अंतर्मन में जागृत कर जनमानस में सनातनी संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को स्थापित करने वाले परमहंस स्वामी सच्चिदानंद ने चित्रकूट से भी अंदर एक ऐसे स्थल को अपने तप के लिए चयनित किया जब वहाँ दिन के उजाले में भी पहुँच पाना सम्भव नहीं था.संयोग ही था का धारकुंडी का यह स्थल द्वापर का महत्वपूर्ण स्थल था.कहा जाता है कि यही वह स्थान है जहाँ वनवास के दौरान पांडवों को यक्ष ने आधात्मिक चेतना का एहसास कराया था.अभी भी यहाँ स्थापित अभ्मर्षण कुंड में सप्तमी रविवार के स्नान का विशेष महत्व है.बताते हैं कि स्वामी जी ने आश्रम के पास प्राकृतिक जलधारा वाली गुफा में बारह वर्ष घनघोर कठिन तपस्या की.इस दौरान क्षेत्रीय लोगों का भी इस जगह पर आना-जाना नहीं था. जंगलों में पालतू जानवर रख दूध का व्यवसाय करने वाले गड़रिया वहाँ कभी जानवर चराने पहुँच जाया करते. कहा यह भी जाता है कि तपोस्थली वाली गुफा में पहिले से किसी अदृश्य ताकत का निवास था, जिसने स्वामी जी के प्रवास पर अड़चने पैदा की पर दृढ़ संकल्प के धनी महाराज जी ने उस स्थल को नही छोड़ा. वर्तमान में सुरम्य तपोभूमि के रूप में विकसित हो चुके इस आश्रम में देश-विदेश के हर कोने से लोग अपनी आत्मिक संतुष्टि के लिए पहुँचते हैं. स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने अपने जीवनकाल में देश के कई हिस्सों में परमहंस आश्रम स्थापित किए वर्तमान में वे मुंबई बदलापुर स्थित आश्रम में पिछले कई वर्षों से प्रवास पर थे.बीच मे दो बार उन्होंने धारकुंडी लौटने की इच्छा की ओर लौटे भी पर स्वास्थ्य के चलते शिष्यों के आग्रह पर उन्हें पुन: मुंबई बदलापुर लौटना पड़ा.लिखने के लिए उनके साथ बीते क्षणों के दर्जनों किस्से हैं, पर यह स्पष्ट है कि उनके अपने बीच नही होने से जो शून्यता पैदा हुई है उसकी पूर्ति फिलहाल असम्भव प्रतीत होती है.

# ऑडी कार ने बाइक को उड़ाया, महिला सहित 3 की मौत

## पुत्र की शादी का कार्ड चढ़ाने जा रहे थे मंदिर





नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 फरवरी, रीवा मनगवां हाईवे में तेज रफ्तार ऑडी कार की ठोकर से बाइक सवार महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है. हादसा रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र स्थित कोष्टा के पास हुआ है. प्रत्यक्षदर्शीयो की माने तो ऑडी कार के साथ-साथ बाइक सवार रीवा से मनगवां की ओर जा रहे थे.**

कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि पीछे से टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक हवा में उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे. अचानक हुए इस हादसे में बाइक सवार महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत होना बताई जा रही है. घटना की शुरुआती जांच में मृतकों में शामिल महिला की पहचान रीवा के रतहरा निवासी शीतल विश्वकर्मा सहित चचाई निवासी भागवत विश्वकर्मा और शिवम विश्वकर्मा के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि मृतको में शामिल भागवत विश्वकर्मा के पुत्र शुभम विश्वकर्मा का 25 फरवरी को विवाह होना था, जिसके चलते भागवत आज पुत्र की शादी का पहला कार्ड भगवान को चढ़ाने के लिए चिरहुला मंदिर जाने निकला था. फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही रायपुर कर्चुलियान सहित शहर की समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है. वही हाईवे मार्ग में हुए इस हादसे के बाद मौके पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई और देखते ही देखते मार्ग के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई.

पुलिस के मुताबिक दुर्घटना को अंजाम देने वाली आडी कार का पंजीयन आल इंडिया परमिट के आधार पर है. जिसका नंबर टीओ 226डीएल1891बी बताया गया है. घटना होने के बाद वाहन में सवार सभी लोग गाड़ी को घटना स्थल पर ही छोड़कर नदारत हो गए. बताया गया है कि गाड़ी मऊगंज से प्रयागराज की ओर जा रही थी इसकी गति नियंत्रण से अधिक थी बाइक सवार ने गलत दिशा से डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ आने की कोशिश की इसी दौरान यह हादसा हो गया.पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है.

### शादी से लौट रही कार की ट्रक से भीषण टक्कर

रीवा में शादी से लौट रहे कार सवार की भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है. हादसा शनिवार की दोपहर रीवा सिरमौर मार्ग स्थित सगरा थाना क्षेत्र के ग्राम लौआ के समीप हुआ है. यहां कार और ट्रक के बीच हुई भिड़ंत में कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई है. मृतक की पहचान बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदा निवासी शिव प्रताप सिंह के रूप में की गई जो बीती रात एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शनिवार दोपहर वापस अपने घर लौट रहा था. कार सवार जैसे ही सगरा थाना क्षेत्र स्थित लौआ के समीप पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से कार की टक्कर हो गई. अचानक हुए इस हादसे के बाद मौके पर मची अफरा-तफरी के बीच स्थानीय लोगों ने कार में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उसे अस्पताल भेजा गया, जहां अस्पताल पहुंचते ही घायल कार सवार ने दम तोड़ दिया है. फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही सगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# फर्जी आईडी बनाकर किशोरी की फोटो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 फरवरी. जिला पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में सीधी पुलिस ने साइबर अपराध के विरुद्ध एक बड़ी सफलता अर्जित की है।**

जनसुनवाई में प्राप्त एक संवेदनशील शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे युवक को दबोचा हैए जो किशोरी के नाम की फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचा रहा था। पुलिस के अनुसार हाल ही में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक किशोरी ने पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी व्यथा सुनाई थी। पीडि़ता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके नाम एवं फोटो का दुरुपयोग कर सोशल मीडिया पर एक फर्जी प्रोफाइल ;फेक आईडी द्ध बनाई गई है। उक्त व्यक्ति द्वारा पीडि़ता की फोटो को आपत्तिजनक तरीके से वायरल किया जा रहा थाए जिससे पीडि़ता और उसका परिवार अत्यधिक मानसिक तनाव में थे।

# एसटीपी कार्य में तेजी लाकर इसे शीघ्र प्रारंभ करें : दुबे

## रीवा प्रवास पर एसीएस संजय दुबे, 9 एमएलडी एसटीपी व टाउन हॉल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 फरवरी, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने रीवा प्रवास के दौरान नगर निगम क्षेत्र में संचालित निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया.**



अपर मुख्य सचिव ने सर्वप्रथम एजी कॉलेज परिसर स्थित निर्माणाधीन 9 एमएलडी क्षमता की एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निरीक्षण किया. उन्होंने एसटीपी के क्रियान्वयन एवं ट्रीटेड वाटर डिस्चार्ज की जानकारी ली. साथ ही रीयूज्ड वाटर के उपयोग हेतु आईडीसी विभाग के साथ एमओयू किए जाने संबंधी जानकारी भी प्राप्त की. उन्होंने अधिकारियों को एसटीपी कार्य में तेजी लाकर इसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए. इसके पश्चात उन्होंने नगर निगम रीवा स्थित टाउन हॉल भवन का निरीक्षण किया, जहां प्रस्तावित गीता भवन के निर्माण की योजना है. उन्होंने प्रस्तावित प्लान का अवलोकन कर उसकी सराहना की तथा भवन को अच्छे कंसल्टेंट के माध्यम से सुव्यवस्थित रूप में विकसित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक टाउन हॉल, पार्क के साथ, गीता भवन के रूप में सुव्यवस्थित रूप से विकसित करे. जिससे कि शहर के मध्य एक प्रतिष्ठित सांस्कृतिक केंद्र के साथ विभिन्न उपयोगों के रूप में इसे स्थापित किया जा सकता है.

इस दौरान योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. इस दौरान रीवा संभाग आयुक्तबीएस जामोद एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

# बीएमओ को 5 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने किया ट्रैप

## सिहावल बीएमओ के क्लीनिक में हुई छापामार कार्रवाई, मेडिकल रिपोर्ट बनाने के लिए मांगी गई थी रिश्वत

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 फरवरी. लोकायुक्त टीम रीवा ने पांच हजार की रिश्वत लेते हुए बीएमओ सिहावल को ट्रैप किया। यह रिश्वत मेडिकल रिपोर्ट बनाने के एवज में मांगी गई थी। यह दबिश कार्रवाई आरोपी के कोदौरा स्थित क्लीनिक में लोकायुक्त टीम ने की।**



लोकायुक्त की छापामार कार्रवाई की खबर फैलते ही रिश्वतखोरों में हड़कंप मच गया। महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में लोकायुक्त संभाग रीवा के द्वारा आज सुबह करीब 10 बजे सफल ट्रैप कार्यवाही की गई।

लोकायुक्त के अनुसार शिकायतकर्ता अंकित शुक्ला पिता दिलीप शुक्ला उम्र 29 वर्षए निवासी ग्राम पांती पोस्ट थाना तहसील हनुमना जिला मऊगंज म.प्र. द्वारा दिनांक 4 फरवरी 2026 को लोकायुक्त कार्यालय रीवा में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया। शिकायत में कहा कि दिनांक 3 फरवरी 2026 को सिहावल बाजार में एक व्यक्ति से विवाद हुआ था जिससे मुझे कान में चोट आई थी। मेरे द्वारा सिहावल चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई है । चौकी प्रभारी द्वारा मेडिकल कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल भेजा गया जहां मेरा उपचार हुआ था। बीएमओ स्वतंत्र पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रिपोर्ट बनाने के एवज में मुझसे 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाटीदार द्वारा सत्यापन कराया गया । शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग करना सही पाया गया द्य आज दिनांक 7 फरवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाटीदार के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी स्वतंत्र पटेल पिता शिवबहोर पटेल उम्र 33 वर्षए पद ब्लॉक मेडिकल अधिकारीए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल जिला सीधी निवासी ग्रामध्पोस्ट कोदौरा थाना अमिलिया तहसील सिहावल जिला सीधी मण्प्रण् को 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया द्य आरोपी के विरुद्ध धारा 7 ;कद्धभ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

### 12 सदस्यीय टीम ने की कार्रवाई

बीएमओ सिहावल स्वतंत्र पटेल के कोदौरा स्थित क्लीनिक में आज सुबह 12 सदस्यीय लोकायुक्त टीम ने ट्रैप की कार्रवाई की। ट्रेपकर्ता अधिकारी एसराम मरावी निरीक्षक विपुस्था लोकायुक्त कार्यालय रीवा थे। वहीट्रैप दल के सदस्य में प्रवीण सिंह परिहार उपपुलिस अधीक्षक विपुस्था लोकायुक्त कार्यालय रीवा ए स्वतंत्र शासकीय गवाह द्वारा 12 सदस्यीय टीम के साथ कार्यवाही को देर शाम तक सर्किट हाउस सीधी में किया गया।

### इनका कहना है

शिकायत की पूरी तरह से जांच और सत्यापन के बाद ही ट्रैप कार्रवाई की गई। इस ऑपरेशन में 12 सदस्यीय टीम शामिल थी और सभी प्रक्रियाएं नियमों के तहत पूरी की गई।

**एस राम मरावी निरीक्षक लोकायुक्त रीवा**

### मुख्यमंत्री ने महाराज जी के परलोक गमन पर दी श्रद्धांजलि

**रीवा, 7 फरवरी.** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव धारकुंडी आश्रम के संस्थापक परमपूज्य स्वामी परमहंस श्री सच्चिदानंद महाराज के परलोक गवन की सूचना को दुखद बताया है. उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि उनका संपूर्ण जीवन सेवा साधना और मानवता के कल्याण को समर्पित रहा है. ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा शोकाकुल अनुयायियो को अपार दुख सहन करने की शक्ति दें.


एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना, विश्वसनीय, निष्पक्ष नवभारत समाचार पत्र सतना को पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523







# वन सुरक्षा समिति सदस्य से मारपीट, ट्रैक्टर लेकर भागे आरोपी

## सोनालिका ट्रैक्टर से रेत लोड कर ले जा रहे थे, शिकायतकर्ता ने कार्रवाई की मांग की

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 फरवरी। वन परिक्षेत्र माड़ा अंतर्गत ग्राम सरईडांड में अवैध रेत परिवहन का मामला सामने आया है। वन विभाग के बीटगार्ड बिन्दुल अजय पाल सिंह गहरवार ने सासन पुलिस चौकी प्रभारी को लिखित आवेदन देकर बताया कि 6 फरवरी को सुबह लगभग 8 बजे वह अपने क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि ग्राम सरईडांड की दिशा से एक सोनालिका कंपनी का नीला ट्रैक्टर ट्रॉली में रेत लोड कर तेज गति से निकल रहा था।**

फॉरेस्ट गार्ड शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने ट्रैक्टर चालक को रोककर रेत परिवहन के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया। इस पर ट्रैक्टर चालक और उसके साथ मौजूद कुछ अन्य लोग आक्रोशित हो गए। आरोप है कि सभी लोग ट्रैक्टर से उतरकर शिकायतकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे और मारपीट करते हुए गाली-गलौज की। इतना ही नहीं, उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। अजय पाल सिंह ने बताया कि जब उन्होंने घटना का वीडियो अपने मोबाइल से बनाना शुरू किया, तो आरोपियों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ती देख आरोपी ट्रैक्टर ट्रॉली सहित मौके से भाग निकले। शिकायतकर्ता ने घटना की सूचना तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और थाना माड़ा में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में पुलिस से आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में लगातार अवैध रेत परिवहन हो रहा है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है। इस घटना से वन सुरक्षा समिति के सदस्यों में भी भय का माहौल है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की.

### मैहर में जनगणना समन्वय समिति की बैठक कल

**मैहर 7 फरवरी.** गृह सामान्य प्रशासन विभाग एवं राज्य नोडल अधिकारी जनगणना के परिपालन में जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो गई है। जनगणना 2027 को दो चरणों में सम्पन्न किया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण अप्रैल 2026 से सितम्बर 2026 तक एवं द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में किया जायेगा। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने बताया कि जनगणना 2027 की तैयारी हेतु जिला समन्वय समिति की एवं चार्ज अधिकारी की बैठक 9 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में सायं 4 बजे आयोजित की जायेगी। कलेक्टर ने बैठक में समिति के सभी सदस्यों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99